This question paper contains 8+4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

**5275**

**B.A. (Programme)/I** **A**

HINDI LANGUAGE (B) — Paper I

हिंदी भाषा (ख) – प्रश्न-पत्र I

(प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** :– प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8=16

(क) उस समय, केवल उसी समय वह इस सत्यता का अनुभव करता है कि अनुताप काँच की भट्टी है। वह ऐसी

भट्टी है कि यदि वह शरीर के अंग-प्रत्यंग को भी जला दे तो खुशी-खुशी मंजूर किया जा सकता है। उसमें जलते समय, उसमें तपते समय, उसकी उष्णता की पराकाष्ठा का अनुभव करते समय, मनुष्य पद-पद पर यह अनुभव करता है कि उसके जीवन की एक-एक घटना की स्मृति उस भट्टी की आग को धौंकनी बनकर फूंक रही है और लपटें ज्यों-ज्यों ऊँची-ऊँची उठती हैं, त्यों-त्यों हृदय अपनी नीचता, पशुता, कायरता, अनियंत्रितता आदि के मैल को भस्मीभूत कर अतीव ऊँचा जीवन-लाभ कर रहा है। जी चाह उठता है– सब अधोगतिकारिणी वृत्तियाँ भस्मीभूत हो जाएँ और अनुताप के लिए काँच की भट्टी का नाम सार्थक हो एवं उसकी एक-एक अग्निशिखा में मनुष्य अपने आत्मोत्सर्ग की छटा देखे।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? उसके लेखक का नाम बताइए।

(ii) अनुताप की भट्टी किन्हें जलाती है ?

(iii) 'अनुताप काँच की भट्टी है'– आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) आत्मोत्सर्ग और अधोगतिकारिणी शब्दों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ख) कवि और कलाकार ही 'अनुपयोगी' चीजें नहीं देखते, सब देखते हैं। लोकजीवन में या दैनंदिन जीवन में केवल 'उपयोगी' को देखने भर से काम नहीं चलता। 'दीया तले अँधेरा' जैसी उक्ति दीए के नीचे के अँधेरे को ध्यान से देखने से ही बनी होगी। और ऐसी उक्तियाँ क्या हमारे काम नहीं आतीं। दरअसल देखने को हम जितना सीमित करते जाएँगे, हमारे अनुभव की दुनिया भी उतनी ही सिकुड़ती जाएगी। आज ऐसी ही 'सिकुड़न' हम पा रहे हैं। हम टी.वी. के कार्यक्रमों को 'देखना' तो एक उपयोगी काम मानते हैं, लेकिन अपने आसपास की बहुत-सी चीजों को देखना, अनुपयोगी काम मानने लगे हैं। लेकिन जिस दिन हम एक चिड़िया की उड़ान को, एक बच्चे की हँसी को, नदी के जल को, पेड़ पत्तियों को, रंगों और रंगतों को, शाम के आकाश को, बदलती हुई ऋतु को, बादलों, पहाड़ों को, रेगिस्तानी विस्तार को देखना 'अनुपयोगी' काम मानने लगेंगे, वह दिन एक बहुत बुरा दिन होगा।

(*i*) लेखक के अनुसार देखना कितने प्रकार का है ?

(*ii*) आजकल किस प्रकार की चीजों को देखना अनुपयोगी काम माना जाने लगा है ?

(*iii*) 'दरअसल देखने को हम जितना सीमित करते जाएँगे, हमारे अनुभवों की दुनिया भी उतनी ही सिकुड़ती जाएगी'—आशय स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) जल, आकाश—**दो-दो** पर्याय लिखिए।

(ग) मनुष्य की चेतना ही ब्रह्मांड संबंधी ज्ञान और व्यवहार का आधार है। पर्यावरण का महत्त्व भी आज इसलिए समझ में आ रहा है कि प्रकृति का क्षय मनुष्य के लिए एक खतरा है। मनुष्य के भौतिक तथा आध्यात्मिक विकास के लिए प्रकृति का 'अक्षय' रहना जरूरी है। यह प्रकृति का ही नियम है कि प्रकृति में रहने के लिए कुछ हद तक प्रकृति का दोहन करना होगा, मानो इस दोहन को प्रकृति बुरा नहीं मानती। इसको विनाश नहीं कहा जा सकता। प्रकृति और मनुष्य का विनाश एक साथ होता है—यह समझ हम मनुष्य की हित-चेतना से ही बना सकते हैं।

(*i*) प्रकृति का क्षय मनुष्य के लिए खतरा कैसे है ?

(*ii*) मनुष्य के भौतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रकृति का 'अक्षय' रहना जरूरी क्यों है ?

(*iii*) 'प्रकृति के दोहन' से क्या तात्पर्य है ?

(*iv*) 'इक्' प्रत्यय लगाकर **चार** शब्द बनाइए।

2. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×2=8

(*i*) 'शिवशंभु के चिट्ठे' के माध्यम से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया ?

(शिवशंभु के चिट्ठे और ख़त)

(*ii*) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' को फाँसी की सज़ा कब और कहाँ दी गई थी ?

(शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का अंतिम संदेश)

(*iii*) धन्यवाद का जीवन में क्या स्थान है ?

(शुभकामना; एक जीवन-तत्व!)

(*iv*) रंगभेद की पीड़ा को गाँधीजी ने किस हद तक झेला था ?

(बर्बरता और संस्कृति : गाँधी के विचार)

(*v*) नदी जीवनदायिनी और विनाशकारिणी कैसे है ?

(फिर उसी नर्मदा मैया की जय!)

(*vi*) लेखक के लिए नौकर रखना क्यों जरूरी हो गया था ?

(बहादुर)

(*vii*) नैतिकता के प्रमुख आधार क्या हैं ?

(नैतिकता का स्रोत)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

(*i*) होशियार बहादुर कौन थे ? उन्होंने सत्यधन को वकालत न करने की सलाह क्यों दी ?

(*ii*) कट्टो कौन थी ? यह नाम उसे किसने दिया ?

(*iii*) सत्यधन ने गरिमा से विवाह क्यों किया ?

(*iv*) गरिमा और कट्टो के जीवन में क्या वैषम्य था ?

(*v*) बिहारी के चरित्र की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(*vi*) विवाह के बाद बिहारी और कट्टो कैसा जीवन जीने का निर्णय लेते हैं ?

(*vii*) अंतिम समय में बिहारी के पिता की सेवा किसने और कैसे की ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(i)* म्योर होस्टल को 'सिसी होस्टल' क्यों कहा जाता था ?

(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

*(ii)* शिशिर भादुड़ी कौन थे ? राष्ट्रीय रंगमंच के संदर्भ में उनका क्या मत था ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

*(iii)* 'लाड के व्यक्तित्त्व में विरोधी प्रवृत्तियों का समावेश था'— लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

(अफ़सर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

*(iv)* पीयर्स ने नेतरहाट के हॉस्टलों को आश्रमों का रूप कैसे दिया ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

(v) बाँसुरी वादन के क्षेत्र में श्री पन्नालाल घोष का क्या योगदान है ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(vi) अनंत सदाशिव अल्टेकर ने कोई भी पुस्तक विदेश में क्यों नहीं छपवाई ?

(व्यवहारकुशल और संवेदनशील पंडित : अनंत सदाशिव अल्टेकर)

(vii) स्काउट दीप मेहरोत्रा को प्रार्थना-समाज से तीन दिन के लिए क्यों बहिष्कृत किया गया ?

(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्री राम वाजपेयी)

4\. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 4

(i) विपत्ति मित्रता की कसौटी है

(ii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(iii) सच बोलना कितना मुश्किल है ?

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 4

आज हमारे सामने वर्तमान युग की ऐसी उलझन भरी, दुस्साध्य और भयानक समस्या उपस्थित है, जिससे बचा नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि क्या हम सदा के लिए युद्ध बंद करने की घोषणा कर सकते हैं या इसके विपरीत हम मनुष्य जाति को समूल नष्ट करना चाहते हैं ? यदि हम सदैव के लिए युद्ध से विमुख हो जाते हैं, तो हम एक ऐसे सुखी समाज का निर्माण कर सकते हैं, जिसमें ज्ञान और विज्ञान की सतत प्रगति हो सकती है। क्या इस स्वर्गीय आनंद के बदले विनाशक मृत्यु को हम इसलिए चाहते हैं, क्योंकि हम अपने झगड़े समाप्त नहीं कर सकते ? हम आपसे मनुष्य होने के नाते मनुष्यता के नाम पर यह प्रार्थना करते हैं कि आप सब कुछ भूलकर केवल अपनी मानवता को याद रखें। यदि आप यह कर सकते हैं तो निश्चय ही नए और महान भविष्य के लिए रास्ता खुला है।

5. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : 5

(i) महिला राजनेता

(ii) बाज़ार का प्रहार

(iii) दिल्ली में बढ़ती असुरक्षा।

6. किसी **एक** स्थिति/घटना का चित्रण कीजिए : 5

(i) कॉलेज का वह उदास दिन

(ii) गरमी की दोपहर और ट्रैफिक जाम।

7. (क) कोश किसे कहते हैं ? द्विभाषी कोश का परिचय दीजिए। 4

(ख) निम्नलिखित शब्दों को हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिये वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

वर्षा, सड़क, निन्दा, पुस्तक, जीवन, पुरस्कार, पतंग, शुभ, नायक, साँझ, जीत, कर्म, कीर्ति, लता, लालित्य, आकाश।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : 3

(i) सूर्योदय होने पर अंधेरा खत्म हो गया।

(संयुक्त वाक्य)

(ii) वह पढ़ता भी है और नौकरी भी करता है।

(सरल वाक्य)

(iii) मैंने लाल टोपी पहने व्यक्ति को देखा।

(मिश्र वाक्य)

(iv) वे क्रिकेट मैच देखते हैं इसलिए टी.वी. चलाते हैं।

(सरल वाक्य)

(ख) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 3

(i) बच्चा पढ़ता है। (कर्मवाच्य)

(ii) पक्षी उड़ते हैं। (भाववाच्य)

(iii) मुझसे दौड़ा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य)

(iv) उसने चोर पकड़ा। (कर्मवाच्य)

(ग) निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए : 3

(i) कृ. प. उ.

(ii) दि. प. नि.

(iii) ई. पू.।